श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ
( मानित विश्वविद्यालय )
बी-४, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-११००१६

क्रमांक:F.1(111)/LBSV/Admn/16-17/829 दिनांक: 23 24 अक्टूबर, 2017

## कार्यालयीय आदेश

मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र सं. F.No.18-1/2017/LCC दिनांक 29.09.2017 द्वारा यह निर्देश दिया गया है कि केन्द्रीय सतर्कता आयोग के परिपत्र दिनांक 19.09.2017 के द्वारा नियत विषय **"My vision-Corruption Free India"** (**"मेरा लक्ष्य-भ्रष्टाचार मुक्त भारत"**) पर सतर्कता जागरूकता सप्ताह दिनांक 30.10.2017 से 04.11.2017 तक मनाया जाए और उसकी रिपोर्ट मंत्रालय को प्रेषित की जाए ।

उपरोक्त परिपेक्ष्य में कुलपति महोदय के आदेशानुसार, विद्यापीठ में सतर्कता जागरूकता सप्ताह दिनांक 30.10.2017 से 04.11.2017 तक मनाया जाएगा, जिसके अंतर्गत निम्नलिखित कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा:-

1. कुलपति महोदय की अध्यक्षता में सारस्वत साधना सदन (योग केंद्र) में दिनांक 30.10.2017 को प्रातः 10:30 बजे प्रतिज्ञा समारोह का आयोजन किया जाएगा । इस कार्यक्रम का आयोजन प्रो. बिहारी लाल शर्मा-नोडल ऑफिसर, विद्यार्थी शिकायत प्रकोष्ठ द्वारा किया जाएगा।
2. प्रो. भागिरथि नन्द, संकाय प्रमुख-साहित्य एवं संस्कृति संकाय के निर्देशन में, सारस्वत साधना सदन (योग केंद्र ) में दिनांक 31.10.2017 को प्रातः 11:00 बजे गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों के लिए वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन ।
3. प्रो. हरिहर त्रिवेदी, वेद-वेदांग संकाय के निर्देशन में सारस्वत साधना सदन के वाचस्पति सभागार में दिनांक 01.11.2017 को बाहरी विशेषज्ञ द्वारा "My vision-Corruption Free India" ("मेरा लक्ष्य-भ्रष्टाचार मुक्त भारत") विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया जाएगा ।
4. सारस्वत साधना सदन में प्रो. रमेश प्रसाद पाठक, संकाय प्रमुख-शिक्षा संकाय और प्रो. कमला भारद्वाज, संकायप्रमुख-छात्र कल्याण, के निर्देशन में 02.11.2017 को दोपहर 12:00 बजे छात्रों के लिए वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन ।

5. प्रो. हरेराम त्रिपाठी, संकायप्रमुख, मानविकी, आधुनिक ज्ञान एवं शोध संकाय और डॉ. यशवीर सिंह, धर्मशास्त्र विभाग के निर्देशन में दिनांक 03.11.2017 को दोपहर 11:00 बजे छात्रों एवं कर्मचारियों के लिए नैतिक मूल्य, आचार-विचार एवं उत्तम प्रशासनिक व्यवस्था पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन ।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत आहूत होने वाले सभी कार्यक्रमों का संयोजन वेद-वेदांग संकायप्रमुख प्रो. हरिहर त्रिवेदी, मुख्य सतर्कता अधिकारी द्वारा किया जाएगा । विभिन्न तिथियों में निर्धारित कार्यक्रम को सुचारू रूप से चलाने हेतु दिनांक 25.10.2017 को दोपहर 02:30 बजे माननीय कुलपति महोदय, सभी कार्यक्रमों आयोजकों के साथ एक बैठक करेंगे । अतः सभी संबंधित अध्यापकों से अनुरोध है कि वह यथासमय कुलपति समिति कक्ष में उपस्थित हों । प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों/कर्मचारियों को सारस्वत साधना सदन के योग सभागार में कुलपति महोदय द्वारा पुरस्कार प्रदान किया जाएगा और सहभागियों को प्रमाण पत्र दिए जायेंगे । इस कार्यक्रम की तिथि तथा समय को अलग से सूचित किया जाएगा ।

यह कार्यालयीय आदेश कुलपति महोदय के आदेशानुसार निर्गत किया जा रहा है ।

सहायक कुलसचिव

प्रतिलिपिः- सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः-

1. समस्त संकाय प्रमुख एवं विभागाध्यक्ष
2. समस्त अध्यापक एवं कार्यक्रमों के निदेशक
3. समस्त छात्र/कर्मचारीगण
4. समस्त अधिकारीगण
5. सिस्टम एडमिनिस्ट्रेटर से अनुरोध है कि वह इस आदेश को विद्यापीठ की वेबसाइट में डालें
6. निजी सचिव-कुलपति/कुलसचिव
7. कार्यालय आदेश पंजिका
8. सभी सूचना पट
9. सिस्टम एडमिनिस्ट्रेटर से अनुरोध है कि वह इस आदेश को विद्यापीठ की वेबसाइट में डालें ।

सहायक कुलसचिव